दूसरे दिन भी 1.91 लाख यात्री पहुंचे | **कोल्ड प्ले कॅन्सर्ट के पहले दिन 25 जनवरी को सबसे ज्यादा यात्रियों ने किया सफर**

गुजरात मेट्रो का नया रेकॉर्ड, एक दिन में 2.13 लाख ने किया सफर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. विश्व के सबसे बड़े नरेन्द्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में ब्रिटिश बैंड कोल्ड प्ले की म्यूजिक कॅन्सर्ट गुजरात मेट्रो रेल कोर्पोरेशन (जीएमआरसी-गुजरात मेट्रो) को काफी फली। इस कॅन्सर्ट के चलते गुजरात मेट्रो ने एक नया रेकॉर्ड बनाया है।

मेट्रो ट्रेन में 25 जनवरी 2025 को एक ही दिन में 2.13 लाख (213735) यात्रियों ने सफर किया है। यह अब तक का एक दिन में सबसे ज्यादा यात्रियों की संख्या है। कॅन्सर्ट के दूसरे दिन 26 जनवरी 2025 को भी मेट्रो ट्रेन में 191529 (1.91 लाख) यात्रियों ने सफर किया है। दो दिन में चार लाख पांच हजार 264 यात्रियों ने सफर किया। भीड़ को देख मध्यरात्रि बाद 12.30 तक मेट्रो ट्रेन संचालित की गई। हर आठ मिनट पर ट्रेन दौड़ी। बड़ी संख्या में लोग मेट्रो ट्रेन के जरिए स्टेडियम पहुंचे, जिससे मोटेरा इलाके में ट्रैफिक की ज्यादा समस्या भी नहीं हुई। अन्य लोग भी आसानी से स्टेडियम पहुंचे।

जीएमआरसी ने सोमवार को 25 और 26 जनवरी को मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों के आंकड़े सार्वजनिक किए। 25 जनवरी 2025 को मेट्रो ट्रेन में अब तक के सबसे ज्यादा 213735 यात्रियों ने सफर किया है। इसके लिए मेट्रो ने 406 फेरे लगाए। इतना ही नहीं 26 जनवरी 2025 को 191529 यात्रियों ने सफर किया। इसके लिए मेट्रो ट्रेन ने 427 फेरे लगाए। अमूमन मेट्रो हर दिन 313 फेरे लगाती है। 25 जनवरी को अतिरिक्त 93 फेरे और 26 को अतिरिक्त 114 फेरे लगाए गए।

शनिवार-रविवार से दो गुने यात्री: जीएमआरसी ने कहा कि शनिवार-रविवार को अमूमन एक लाख से ज्यादा यात्रियों ने मेट्रो में सफर किया। उसकी तुलना में कोल्ड प्ले कॅन्सर्ट के दिन एक लाख अतिरिक्त यात्रियों ने सफर किया।

आईपीएल फाइनल मैच का रेकॉर्ड तोड़ा

जीएमआरसी के आंकड़े बताते हैं कि इससे पहले मेट्रो में एक दिन में 165504 यात्रियों ने 22 मई 2024 को आईपीएल के फाइनल मैच के दौरान सफर किया था। यह उस समय का रेकॉर्ड था। यह रेकॉर्ड कोल्ड प्ले के दौरान टूट गया।

मेट्रो में एक दिन में सर्वाधिक यात्रियों का रेकॉर्ड

11 जनवरी 2025	117838
12 जनवरी 2025	101703
18 जनवरी 2025	116989
19 जनवरी 2025	92066
25 जनवरी 2025	213735
26 जनवरी 2025	191529
14 अक्टूबर 2024	141972
(वर्ल्ड कप-भारत-पाक-फाइनल)	
19 नवंबर 2024	137801
(वर्ल्ड कप 2023 फाइनल क्रिकेट मैच)	
22 मई 2024	165504
(आईपीएल 2024 फाइनल मैच)	

(स्त्रोत: जीएमआरसी आंकड़े)

परिवहन राज्यमंत्री बोले, अच्छी खबर

परिवहन राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि आंकड़ों से पता चलता है कि बड़े आयोजनों के दौरान सार्वजनिक परिवहन के उपयोग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इन दिनों में अतिरिक्त मेट्रो ट्रेन चलाने के सरकारी प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है। सामान्य दिनों की तुलना में 1 लाख अधिक यात्रियों ने मेट्रो से यात्रा की। यह टिकाऊ परिवहन और बड़े आयोजन की प्लानिंग की बड़ी जीत है।